<u>माननीय निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु द्वारा संपर्क कार्यालय लखनऊ एवं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के कालपी सौर ऊर्जा परियोजना का दौरा</u>

माननीय निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु महोदय ने 30 मार्च 2022 को संपर्क कार्यालय लखनऊ एवं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा मुख्यालय का दौरा किया। निदेशक (परियोजनायें) के संपर्क कार्यालय लखनऊ पहुंचने पर, सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) / महाप्रबंधक (एनएचपीसी) श्री मनीष सहाय द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया गया।

(निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु महोदय का स्वागत सी. ई. ओ. (बीएसयूएल) द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर किया गया)

निदेशक (परियोजनायें), महोदय ने बीएसयूएल में चल रहे विभिन्न कार्यों के प्रगति के संबंध में श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान निदेशक (परियोजनायें), एनएचपीसी ने बीएसयूएल में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को काम में और तेजी लाने व कड़ी मेहनत एवं समर्पण

से काम करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक (परियोजनायें), एनएचपीसी ने कालपी सौर ऊर्जा परियोजना की शीघ्र कमीशनिंग करने, माधवगढ़ सोलर पावर प्रोजेक्ट 45 MW व मिर्ज़ापुर सोलर पार्क 100 MW को इंटीग्रेटेड मोड में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने और 1200 MW जालौन सोलर पार्क के भूमि से संबंधित कार्य एवं सोलर पार्क के विकास के कार्यों को शीघ्र शुरू करने के लिए दिशानिर्देश दिए। श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनायें) ने डायरेक्टर, यूपीनेडा से भी मुलाकात की और बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड में चल रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया ।

(निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु का निदेशक (यूपीनेडा) से मुलाकात)

(निदेशक महोदय द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक)

माननीय निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु महोदय ने 31 मार्च 2022 को कालपी सौर ऊर्जा परियोजना से सम्बंधित ट्रांसमिशन लाईन व् 400/220/132 kV भदरेखी सब स्टेशन का दौरा किया |

(कालपी सौर ऊर्जा परियोजना से सम्बंधित भदरेखी सब स्टेशन)

माननीय निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु महोदय ने 65 MW कालपी सौर ऊर्जा परियोजना, ग्राम पारासन का स्थल निरीक्षण उपरान्त परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की |

(निदेशक महोदय द्वारा कालपी सौर ऊर्जा परियोजना का स्थल निरीक्षण)

(निदेशक महोदय द्वारा कालपी सौर ऊर्जा परियोजना का स्थल निरीक्षण)

माननीय निदेशक (परियोजनायें), श्री बिश्वजीत बासु महोदय ने 1200 MW जालौन सोलर पार्क के अंतर्गत माधोगढ़ तहसील के गावों का दौरा किया और भूमि अधिग्रहण सम्बन्धित चल रहे कार्यों की समीक्षा की |

(निदेशक महोदय द्वारा माधोगढ तहसील कार्यालय में बैठक लेते हुये)

निदेशक (परियोजनायें) महोदय ने दिनांक 01.04.2022 को उरई में सीईओ, बीएसयूएल तथा सभी सम्बन्धित बीएसयूएल अधिकारियों को नवीन अवसरों को अंगीकृत करने का प्रयास करने हेतु भी आदेश दिये ।